BY NAVNEET SIR Subscribe KGS TEACHING EXAM

हिन्दी

समास

Hindi WITH Navneet Sir

पानी में गिरने से किसी की मृत्यु नहीं होती,
मृत्यु तभी होती है जब तैरना नहीं आता,
परिस्थितियां कभी समस्या नहीं बनती,
समस्या तभी बनती है जब
उनसे निपटना नहीं आता.

थोड़ा डुबूंगा, मगर मैं फिर तैर आऊंगा,
ऐ ज़िंदगी, तू देख,
मैं फिर जीत जाऊंगा

समास की परिभाषा

अलग अर्थ रखने वाले दो शब्दों या पदों (पूर्वपद तथा उत्तरपद) के मेल से बना तीसरा नया शब्द या पद समास या समस्त पद कहलाता है तथा वह प्रक्रिया जिसके द्वारा 'समस्त पद' बनता है, समास-प्रक्रिया कही जाती है।

- समास-प्रक्रिया में जिन दो शब्दों का मेल होता है, उनके अर्थ परस्पर भिन्न होते हैं तथा इन दोनों के योग से जो एक नया शब्द बनाते हैं; उसका अर्थ इन दोनों से अलग होता है।
- जैसा ऊपर बताया गया है, समास-रचना दो शब्दों या दो पदों के बीच होती है तथा इसमें पहला पद 'पूर्वपद तथा दूसरा पद उत्तर पद कहलाता है। 'पूर्वपद' तथा 'उत्तरपद' के संयोग से जो नया शब्द बनता है,उसे समस्तपद कहते हैं।

समास की परिभाषा

समास की परिभाषा

समास का अर्थ होता है संक्षिप्त, जब दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर एक नवीन एवं सार्थक शब्द का निर्माण होता है तब यह समास कहलाता है। वह शब्द जो समास के नियमो से निर्मित होते है, सामासिक शब्द कहलाते है | यह समस्तपद भी कहलाता है | शब्द के समास होने की बाद विभक्तियों के चिह्न (परसर्ग) लुप्त हो जाते हैं।उदहारण – राजपुत्र

1.समास में दो पदों का योग होता है।

2. दो पद मिलकर एक पद का रूप धारण कर लेते हैं।

3. दो पदों के बीच की विभक्ति का लोप हो जाता है।

4. दो पदों में कभी पहला पद प्रधान और कभी दूसरा पद प्रधान होता है। कभी दोनों पद प्रधान होते हैं।

समास के प्रकार अथवा भेद: समास के अंतर्गत 6 प्रकार के समास होते हैं-

1. अव्ययी भाव समास
2. तत्पुरूष समास
3. कर्मधारय समास
4. द्विगु समास
5. द्वंद्व समास
6. बहुब्रीहि समास

अव्ययीभाव समास (Extravagance)

प्रथम या **पूर्व पद** की **प्रधानता** होती है।

– पहला पद **अव्यय** होता है।

– दूसरा या **अंतिम** पद **संज्ञा** होता है।

– **समस्त पद क्रिया विशेषण** के रूप में प्रयुक्त होता है।

– **पहला** पद प्रायः **छोटा** होता है।

– शब्द में **उपसर्ग** का लगा होना (किसी भी शब्द में **उपसर्ग पहले** लगता है मतलब आगे,और **प्रत्यय बाद में** अर्थात् अंत में लगता है)।

– किसी **एक शब्द की पुनरावृत्ति** अर्थात् एक ही शब्द का दो बार प्रयोग होने से भी अव्ययी भाव समास बनता है.

एक ही प्रकार के शब्द को दो बार लिखा जाता है वे शब्द समान होते हैं.

समस्तपद	अव्यय	विग्रह
आजीवन	आ	जीवन भर
यथोचित	यथा	जितना उचित हो
यथाशक्ति	यथा	शक्ति के अनुसार
भरपूर	भर	पूरा भरा हुआ
आमरण	आ	मरण तक
अनुरूप	अनु	रूप के अनुसार
बेखटके	बे	बिना खटके के
प्रतिदिन	प्रति	दिन-दिन/हर दिन
हरघड़ी	हर	घड़ी-घड़ी
प्रत्येक	प्रति	एक-एक
बाअदब	बा	अदब के साथ

तत्पुरूष समास

1. तत्पुरूष समास में **दूसरा, अंतिम** या उत्तर पद की **प्रधानता** होती है।
2. इस समास में बीच के कारक- चिन्ह का **लोप** हो जाता है।
3. दूसरा पद **छोटा** होता है।

तत्पुरूष समास के कारक चिन्ह:

कारक चिन्हों की संख्या 8 है लेकिन **तत्पुरूष समास में 6 कारक चिन्हों का प्रयोग किया जाता है,** कर्ता और सम्बोधन का प्रयोग नही किया जाता है कारक चिन्ह-

प्रयोग:

(1) कर्म – को

(2) करण – से, द्वारा

(3) सम्प्रदान – के लिए

(4) अपादान – से (अलगाव, विमुख)

(5) संबंध – का, की

(6) अधिकरण – में, पर

तत्पुरूष समास के उदाहरण:

शरणागत – शरण **को** आगत (कर्म तत्पुरूष)

हस्तलिखित – हाथ **से** लिखित (करण तत्पुरूष)

तुलसीकृत – तुलसी **द्वारा** कृत (करण तत्पुरूष)

रसोई घर – रसोई **के लिए** घर (सम्प्रदान तत्पुरूष)

हथकड़ी – हाथ **के लिए** कड़ी (सम्प्रदान तत्पुरूष)

रोग मुक्त – रोग **से** मुक्त (अपादान तत्पुरूष)

देव पुत्र – देव **का** पुत्र (संबंध तत्पुरूष)

लोकप्रिय -लोक **में** प्रिय (अधिकरण तत्पुरूष)

आत्मनिर्भर – आत्म **पर** निर्भर (अधिकरण तत्पुरूष)

कर्मधारय समास

1. सभी पद **समानाधिकरण** होते हैं।
2. **प्रथम** पद **विशेषण** होता है। और **दूसरा** पद **विशेष्य** होता है।
3. **विशेषण** उसे कहते हैं, जो किसी की **विशेषता** बताये और **विशेष्य** वह है **जिसकी विशेषता** बतायी जा रही है विशेष्य संज्ञा है।
4. कर्मधारय समास **उपमान** और **उपमेय** से मिलकर बनते हैं।

प्र उपसर्ग वाले शब्द भी **कर्मधारय** समास बनाते हैं जैसे: **महात्मा, चरण,कमल ,पीतसागर ,चन्द्रमुख ,परमेश्वर ,पुत्ररत्न,महापुरुष ,नीलोत्पल ,सज्जन ,नरसिंह,घनश्याम,सदभावना**

द्विगु समास

1. **पहलापद संख्यावाची** होता है। **दूसरा पद संज्ञा** होता है।
2. द्विगु समास **समूह** में होता है यह कर्मधारय समास का भी एक प्रकार है।द्विगु समास में **पहला पद संख्यात्मक** विशेषण होता है।

त्रिलोक	→	तीन लोकों का समूह
पंचवटी	–	पांच वटों का समूह
चौराहा	–	चार राहों का समूह
सतसई	–	सात सौ का समूह
नवग्रह	–	नौ ग्रहों का समूह
त्रिभुवन	–	तीन भुवनों का समूह

पांच वृक्षों।

7 + 100



① पहला पद संख्या वाची और बाद (उत्तर) विशेष हो उसे द्विगु समास

② पहला पद संख्यावाची अन्तिम पद विशेष्य हो और दोनो पद मिल कर समूह या समाहार बोध करायें तो



दो-राहा

⇒

द्वंद्व समास

द्वंद्व समास में सभी पद प्रधान होते हैं अर्थात् **दोनों पद समान** होते हैं।

द्वंद्व समास के तीन भेद

और/तथा

(1) **इतरेतर द्वंद्व समास** -इस प्रकार के समास में सभी पद **स्वतंत्र** होते हैं बीच में और **छिपा** होता है।जैसे:- भाई-बहन, माता-पिता आदि

आदि/इत्यादि

(2) **समाहार द्वंद्व समास** – इस समास में **बीच में और छिपा** होने के बाद भी अलग-अलग ना होकर **समूह** का बोध कराते हैं।जैसे:- हाथ-पाँव, दाल-रोटी आदि

या/अथवा

(3) **वैकल्पिक द्वंद्व समास** – इस प्रकार के समास में बीच में **'या'** एवं **'अथवा'** छिपा होता है। जैसे:- कम-ज्यादा, ठंडा-गरम इत्यादि

समास द्वन्द्व

आशीष	पूजा	श्वेता
माता (या) पिता	माता और पिता	मामा, पापा, दादा, दादी
(अथवा)	(तथा)	चाचा-चाची आदि
या / अथवा	और / तथा	इत्यादि
विकल्प	इतरेतर द्वन्द्व समास	अादि / इत्यादि
वैकल्पिक द्वन्द्व समास		समूह का बोध
		समाहार द्वन्द्व


वैकल्पिक
विलोम
पाप -पुण्य → या
सीता – राम और
दाल – रोटी इत्यादि
भला – बुरा → या
राम – कृष्ण = और
ठण्डा – गरम — या
भाई – बहन — और
इंटरवल

स

बहुब्रीहि समास

बहुब्रीहि समास में दोनों ही पदों में **कोई भी पद प्रधान नही होता** कोई **अन्य पद ही प्रधान** हो जाता है। **समस्त पद अन्य** के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

जिसका-वह ,जिसके-वह, जो-वह और **स (साथ)** के अर्थ में प्रयुक्त होता है

मतलब **पहला पद स** हो जैसे- सपरिवार

पीताम्बर – पीत है अम्बर जिसका

चन्द्रमौली – चन्द्र है मौली पर जिसके

वीणापाणि – वीणा है पाणि में जिसके

दशानन – दस है आनन जिसके

दिगम्बर – दिक् है अम्बर जिसका



⇒ जहाँ पर (स) उपसर्ग के रूप में
लगा हो वह बहुव्रीहि समास

⇒ 

तिरंगा = भारत का झण्डा

पीत + अम्बर ⇒ बहुव्रीहि

पीताम्बर = बहुव्रीहि


साहित्यिक व्याकरण
अभिधा, लक्षणा, व्यंजना
शब्दशक्ति


वज्र +
पाणि
कर
+ चक्र
→ विष्णु
गदा ←
+ वीणा
पुस्तक